This question paper consists of **34** questions and **12** printed pages]
इस प्रश्न–पत्र में **34** प्रश्न तथा **12** मुद्रित पृष्ठ हैं ।]

Roll No. | | | | | | | | | | | |
अनुक्रमांक

Code No. / **कोड नं.** **40/OS/1–A**

ECONOMICS
(अर्थशास्त्र)
(214)

Day and Date of Examination..
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ....
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ....

....

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the question paper.
2. Please check the question paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the question paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective type of questions, you have to choose any *one* of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) or (D) and indicate your correct answer in the answer-book given to you.
4. All the questions including objective type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective type questions.
5. Making any identification mark in the answer-book or writing roll number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
6. Write your question paper code No. 40/OS/1—A on the answer-book.
7. (*a*) The question paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any *one* of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the answer-book.

   (*b*) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

P.T.O.

सामान्य अनुदेश :—

1. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
2. कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) या (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिये ।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जायेगा ।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या 40/OS/1—A लिखें ।
7. (क) प्रश्नपत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी **एक** भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

ECONOMICS

(अर्थशास्त्र)

(214)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note :— (*i*) *All* questions are compulsory.

(*ii*) Marks allotted to each question are indicated against it.

(*iii*) Each question from Q. Nos. **1** to **8** has four alternatives (A), (B), (C) and (D) and out of which one is the most appropriate. Select the correct answer and write it in your answer-book against the number of question.

नोट :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं ।

(*iii*) वस्तुनिष्ठ प्रश्न क्रमांक **1** से **8** तक, प्रत्येक प्रश्न में चार वैकल्पिक उत्तर (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं जिनमें से एक सही या सर्वाधिक उचित है । सही उत्तर चुनिये तथा अपनी उत्तर-पुस्तिका में उसे प्रश्न क्रमांक के सामने लिखिये ।

1. Which of the following is a luxury ? 1

(A) A car for a minister

(B) A car for a busy doctor in Delhi

(C) A car for a college student

(D) A car for a teacher teaching in college

निम्नलिखित में से कौनसी एक विलासिता है ?

(A) एक मंत्री के लिए कार

(B) दिल्ली में एक व्यस्त डॉक्टर के लिए कार

(C) किसी कॉलेज के विद्यार्थी के लिए कार

(D) कॉलेज के किसी शिक्षक के लिए कार

2. Which one of the following is *not* a reason of low productivity ? 1

(A) Lack of adequate infrastructure facilities

(B) Good labour relations between workers and management

(C) Lack of research and development activities

(D) Adverse cost and price conditions

निम्न में से कौनसा निम्न उत्पादिता का कारण **नहीं** है ?

(A) पर्याप्त संरचनागत सुविधाओं का अभाव

(B) श्रमिकों और प्रबंधकों के बीच अच्छे श्रम संबंध

(C) शोध और विकास कार्यों का अभाव

(D) विपरीत लागत और कीमत दशाएँ

3. Who imposes tax on goods and services ? 1

(A) Government (B) Producer

(C) Buyer (D) Manager

वस्तु और सेवाओं पर कर कौन लगाता है ?

(A) सरकार (B) उत्पादक

(C) क्रेता (D) प्रबंधक

4. Inflation means : 1

(A) an increase in prices of goods and services

(B) an increase in prices of goods and services which is sustained for a long time

(C) an increase in prices of goods and services for a short period

(D) a decrease in prices of goods and services which is sustained for a long time

मुद्रास्फीति से अभिप्राय है :

(A) वस्तु और सेवाओं की कीमतों में वृद्धि

(B) वस्तु और सेवाओं की कीमतों में दीर्घकालीन निरंतर वृद्धि

(C) अल्पकाल के लिए वस्तु और सेवाओं की कीमतों में वृद्धि

(D) वस्तु और सेवाओं की कीमतों में दीर्घकालीन निरंतर कमी

5. Which one of the following does *not* influence economic development of a country ? 1

(A) Natural resources (B) Capital formation

(C) Technology (D) Type of economy

निम्नलिखित में से कौनसा किसी देश के आर्थिक विकास को प्रभावित **नहीं** करता ?

(A) प्राकृतिक संसाधन (B) पूँजी निर्माण

(C) प्रौद्योगिकी (D) अर्थव्यवस्था का प्रकार

6. Main motive of a private sector production unit is to : 1

(A) maximize output

(B) maximize social welfare

(C) maximize profit

(D) provide general employment opportunities

निजी क्षेत्र की उत्पादन इकाइयों का मुख्य लक्ष्य है :

(A) अधिकतम उत्पादन

(B) अधिकतम सामाजिक हित

(C) अधिकतम लाभ

(D) रोजगार के अवसरों का सृजन

7. Which one of the following statements is *not correct* ? 1

(A) Saving equals income minus consumption.

(B) Compulsory savings arise because of increased taxation.

(C) Forced savings arise because of inflation.

(D) Savings are done because future is always certain.

निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही नहीं** है ?

(A) बचत आय और उपभोग का अन्तर है ।

(B) करों में वृद्धि से अनिवार्य बचत का उदय होता है ।

(C) मुद्रास्फीति से मजबूरन बचत हो जाती है ।

(D) बचत इसलिए करते हैं कि भविष्य पूरी तरह सुनिश्चित है ।

8. Which one of the following statements is *not correct* ? 1

(A) Savings of the households and of the firms together constitute the public savings.

(B) Saving that is not invested in production is called hoarding.

(C) If you have kept one lakh rupees in your cupboard, that is also called hoarding.

(D) The household sector's savings are called personal savings.

निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही नहीं** है ?

(A) परिवारों और फर्मों की बचतें ही मिलकर सार्वजनिक बचतों की रचना करती हैं ।

(B) उत्पादन कार्य के लिए निवेश नहीं की गई बचत जमाखोरी है ।

(C) यदि आप एक लाख रुपये अलमारी में रख दें तो वह भी जमाखोरी ही होगी ।

(D) परिवार क्षेत्र की बचत को वैयक्तिक बचत कहते हैं ।

9. Show with an example that present wants are more important than future wants. 2

वर्तमान आवश्यकताएँ भविष्य की आवश्यकताओं से अधिक महत्वपूर्ण होती हैं, एक उदाहरण द्वारा दर्शाइये ।

10. Distinguish between consumer goods and producer goods. 2

उपभोक्ता वस्तुओं तथा उत्पादक वस्तुओं में भेद कीजिए ।

11. Distinguish between large scale industries and small scale industries on the basis of investment in fixed capital assets. 2

अचल पूँजी निवेश के आधार पर बड़े पैमाने के उद्योग तथा लघु उद्योगों में भेद कीजिए ।

12. How does distribution of goods and services affect consumers ? 2

वस्तु और सेवाओं का वितरण उपभोक्ताओं को कैसे प्रभावित करता है ?

13. Suggest any *two* ways to help the poor. 2

गरीबों की सहायता करने के कोई **दो** तरीके सुझाइये ।

14. What do you mean by 'Token price' ? 2

'सांकेतिक कीमत' से आपका क्या अभिप्राय है ?

15. Name *four* types of deposit accounts which can be opened in a bank. 2

ऐसे **चार** जमा खातों के नाम लिखिए जो बैंक में खोले जा सकते हैं ।

16. State any *two* main characteristics of a mixed economy. 2

मिश्रित अर्थव्यवस्था की किन्हीं **दो** मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

17. Distinguish between economic growth and economic development. 2

आर्थिक संवृद्धि तथा आर्थिक विकास में भेद कीजिए ।

18. What is a patent ? 2

पेटेन्ट क्या है ?

19. "Wants are interdependent." Explain with the help of an example. 4

''आवश्यकताएँ परस्पर निर्भर होती हैं ।'' एक उदाहरण की सहायता से समझाइये ।

20. What is meant by the term 'increase in production' ? Explain with the help of an example. 4

'उत्पादन में वृद्धि' से क्या अभिप्राय है ? एक उदाहरण की सहायता से समझाइए ।

21. You come to know about a new product through an advertisement. Explain briefly *two* advantages you get from this advertisement. 4

विज्ञापन के द्वारा आपको किसी नये उत्पाद की जानकारी मिलती है । उन **दो** लाभों को संक्षेप में समझाइए जो इस विज्ञापन द्वारा आपको मिलते हैं ।

22. Why do we buy goods and services ? Explain. 4

हम वस्तु और सेवाओं की खरीदारी क्यों करते हैं ? समझाइए ।

23. What is 'General Insurance' ? How does it differ from 'Life Insurance' ? Explain briefly. 4

'सामान्य बीमा' क्या होता है ? 'जीवन बीमा' से यह किस प्रकार भिन्न है ? संक्षेप में समझाइए ।

24. How is central problem 'what to produce' solved in a capitalist economy ? Explain. 4

पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में 'क्या उत्पादन किया जाए' केन्द्रीय समस्या का समाधान किस प्रकार होता है ? समझाइए ।

25. What do you mean by 'natural growth rate of population' ? Find out natural growth rate from the following data : 4

Year	**Birth rate**	**Death rate**
1971–81	37.2	15.0
1981–91	31.0	11.0

'जनसंख्या की नैसर्गिक वृद्धि दर' से आपका क्या अभिप्राय है ? निम्नलिखित आँकड़ों की सहायता से नैसर्गिक वृद्धि दर ज्ञात कीजिए :

वर्ष	**जन्म दर**	**मृत्यु दर**
1971–81	37.2	15.0
1981–91	31.0	11.0

26. Why is there a need to control birth rate in India ? Explain briefly. 4

भारत में जन्म दर पर नियन्त्रण की आवश्यकता क्यों है ? संक्षेप में समझाइए ।

27. What is meant by 'unemployment' ? Why is there a widespread unemployment in India ? 4

'बेरोजगारी' का क्या अर्थ है ? भारत में इतनी विशाल बेरोजगारी क्यों है ?

28. "India is a developing country." State *four* characteristics which justify this statement. 4

''भारत एक विकासशील देश है ।'' इस कथन का औचित्य सिद्ध करने वाली **चार** विशेषताएँ बताइए ।

29. What do you mean by 'Terms of Trade' ? When are they called favourable ? 4

'व्यापार की शर्तें' से आपका क्या अभिप्राय है ? इन्हें अनुकूल कब कहा जाता है ?

30. "We should consume to live, not live to consume." Justify this statement. 4

''हमें जीने के लिए उपभोग करना चाहिए, न कि उपभोग के लिए जीना ।'' इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए ।

31. How are private sector production units classified on the basis of number of owners ? Explain. 6

स्वामियों की संख्या के आधार पर निजी क्षेत्र की उत्पादन इकाइयों को किस प्रकार वर्गीकृत किया जाता है ? समझाइए ।

32. How do the following affect demand for a commodity ? 6

(*a*) Change in price of related goods.

(*b*) Change in income of the family.

निम्नलिखित किसी वस्तु की माँग को कैसे प्रभावित करते हैं ?

(*a*) संबद्ध वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन ।

(*b*) परिवार की आय में परिवर्तन ।

33. What is meant by 'Liberalization' ? State *four* measures which have been adopted in this direction under new economic policy. 6

'उदारीकरण' का क्या अर्थ है ? नई आर्थिक नीति के अन्तर्गत इस दिशा में उठाए गए **चार** कदमों का उल्लेख कीजिए ।

34. What is air pollution ? Name any *two* general sources of air pollution. Write its *two* harmful effects. 6

वायु प्रदूषण क्या होता है ? वायु प्रदूषण के किन्हीं **दो** सामान्य स्रोतों के नाम लिखिए । इसके **दो** हानिकारक प्रभाव लिखिए ।